कोटद्वार, शुक्रवार
9 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 105 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

भूकंप के झटकों से जापान में दहशत, सुनामी का अलर्ट जारी

टोक्यो ,जापान के दक्षिण–पश्चिमी क्षेत्र के मियाज़ाकी प्रांत और अन्य क्षेत्रों में गुरुवार को भूंकप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। कोच्चि, मियाज़ाकी, एहिमे, ओइता और कागोशिमा प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। पहले जेएमए ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार 4:43 बजे आया। भूकंप की तीव्रता मियाज़ाकी प्रांत के पास जापानी भूकंपीय तीव्रता 6 से कम थी।

बाद में इसकी तीव्रता संशोधित कर 7.1 कर दी गई। भूकंप में किसी भी प्रकार की जान हानि या भारी विनाश की खबर सामने नहीं आई है। बता दें कि इससे पहले 22 जुलाई को जापान की राजधानी टोक्यो के उत्तर–पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई गई थी। हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई थी। लेकिन, भूकंप के झटकों के बाद लोग सहम गए थे और घरों से निकल कर सडक़ पर आ गए थे। भूकंप की गहराई का केंद्र 90 किलोमीटर था। जो उत्तरी इबाराकी प्रांत के 36.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्वी देशांतर के करीब आया था।

यूपी में फंसे टैंकर, हरिद्वार में सूखे बीपीसीएल के पेट्रोल पंप

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा के लिए आगामी 19 अगस्त तक यूपी में भारी वाहनों की नो एंट्री है। जिसकी वजह से नजीबाबाद डिपो से हरिद्वार आने वाले भारत पेट्रोलियम कंपनी के पेट्रोल और डीजल के टैंकर रास्ते में फंस गए। गुरुवार को समय से टैंकर हरिद्वार नहीं पहुंचे। इस कारण हरिद्वार में भारत पेट्रोलियम के पांच पेट्रोल पंप सूख गए। ग्राहकों को पेट्रोल पंप पर तेल नहीं मिला। हालाकि आईओसी, एचपी, आयशर और अन्य कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर लोगों के लिए तेल उपलब्ध रहा। गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल नहीं मिलने से परेशान रहे। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत यूपी में 19 अगस्त तक भारी वाहनों का संचालन बंद है। पेट्रोल और डीजल के टैंकर नहीं पहुंचने से लोगों को अन्य कंपनियों के पेट्रोल पंप से तेल लेना पड़ा। हरिद्वार बस स्टैंड के पास पेट्रोल पंप पर सुबह के समय लोगों की भारी भीड़ लग गई। क्षेत्र में एक ही पेट्रोल पंप होने के कारण अधिकांश लोग यही पर तेल डलवाते है। लेकिन गुरुवार को लोगों को पेट्रोल पंप पर तेल नहीं मिलने से बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों ने रानीपुर मोड़ पहुंचकर वाहनों में तेल भरवाया। साथ ही ज्वालापुर स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर सुबह 10 बजे तक लोगों को पेट्रोल और डीजल मिला। 10 बजे के बाद पंप सूख गया। क्षेत्र में तीन अन्य पेट्रोल पंप मौजूद होने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ी।

बारिश से जिले की 13 सड़कों पर यातायात प्रभावित

बागेश्वर। जिले में बारिश का दौर जारी है। जिले की 13 सड़कों पर यातायात प्रभावित हो गया है। लोग मीलों पैदल चलकर तहसील तथा जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सिमगड़ी, बदियाकोट–बोरबलड़ा, काफलीकमेड़ा, कपकोट–कर्मी, तोली, बघर, सीरी, नामतीचेटाबगड़, भयूं गुलालेर, बागेश्वर–दफौट, चनौली–जैनकरास, गरुड़–फल्यांटी, जिंतोली–सिलखन्यारी मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

● सभापति ने छोड़ा आसन

नई दिल्ली ,गुरुवार को संसद में राज्यसभा की कार्रवाई शुरू होने के कुछ देर बाद ही सदन में जबरदस्त हंगामा शुरू हो गया। हंगामा इस कदर बढ़ा कि सभापति भावुक हो गए और अपने आसन से उठकर चले गए।आसन छोडऩे से पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे पास केवल एक ही विकल्प है, दुखी मन से, मैं अपनी शपथ से दूर नहीं जा रहा हूं, लेकिन जो आज मैंने देखा है जिस तरह का व्यवहार मेरे साथ किया गया है, शारीरिक रूप से किया गया है, मैं यहां बैठने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहा हूं। इसके बाद भावुक होकर सभापति सदन से चले गए। दरअसल कांग्रेस समेत विपक्ष के सांसद भारतीय रेसलर विनेश फोगाट का विषय राज्यसभा में उठाना चाहते थे। सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े इस विषय पर बोलने के लिए खड़े भी हुए लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं मिली। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया।

मल्लिकार्जुन खडग़े का कहना था कि कल भी हमने यह विषय उठाया था, यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। यह किसी एक खास समुदाय से जुड़ा विषय नहीं है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रॉयन ने नाराजगी जताते हुए आसन की ओर काफी तेज आवाज में अपना विरोध दर्ज करना शुरू किया। इससे आसन पर मौजूद सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रॉयन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आप चिल्ला रहे हैं। सभापति के आसन की ओर आप कैसे चिल्ला सकते हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी नाराजगी जताई। सभापति ने उन्हें चेतावनी दी। सभापति ने कहा कि मैं आपके व्यवहार की निंदा करता हूं। आपका व्यवहार सदन में सबसे गंदा है।

इसके साथ ही उन्होंने डेरेक ओ ब्रॉयन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप अपने बर्ताव में सुधार नहीं लाए तो अगली बार आपको सदन से बाहर निकाल दिया जाएगा। वहीं अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरे विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया और उठकर बाहर चले गए।तनातनी यहीं समाप्त नहीं हुई। इसके बाद सभापति ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का काला समय देखा है। सभापति ने कहा कि इन्हें क्या लगता है कि केवल इन्हीं का दिल दुखी है। पूरा देश दुख में है, हमारी लडक़ी के कारण। पूरा देश इस दुख महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, और मै और सभी लोग इस घटनाक्रम से दुखी हैं।

लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश, कांग्रेस का चढ़ा पारा

नई दिल्ली , वीरवार को लोकसभा में मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश कर दिया। बिल पेश होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या अयोध्या के मंदिर में कोई गैर हिंदू सदस्य हो सकता है। पार्टी ने गैर मुस्लिमों को गवर्निंग काउंसिल में रखने पर विरोध जताया है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह विधेयक संविधान पर एक बुनियादी हमला है। इस विधेयक के जरिए वे यह प्रावधान कर रहे हैं कि गैर–मुस्लिम भी वक्फ गवर्निंग काउंसिल के सदस्य हों।

अब जीका वायरस ने दी दस्तक, पुणे में 8 नए केस आए सामने, इनमें से 7 प्रेग्नेंट महिलाएं

नई दिल्ली ,महाराष्ट्र के पुणे में जीका वायरस ने फिर से दस्तक दी है। शहर में संक्रमण के 8 नए केस सामने आए। पुणे नगर निगम (पीएमसी) द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 7 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। जून से अब तक करीब 81 मामले सामने आए हैं। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 4 मरीजों की मौत हुई है, लेकिन ये सभी संक्रमण के अलावा कई और बीमारयों से ग्रसित थे।एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुल संक्रमित लोगों में 26 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं, लेकिन गनीमत ये है कि उनमें से ज्यादातर अभी स्वस्थ हैं और बेहतर महसूस कर रही हैं। इस साल शहर में जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला 20 जून को सामने आया था जब एरंडवाने इलाके में एक 46 वर्षीय डॉक्टर का टेस्ट पॉजिटिव आया था। इसके बाद उनकी 15 वर्षीय बेटी में भी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब तक 4 लोगों की मौत हुई है। लेकिन इन मरीजों को हृदय संबंधी समस्याएं, लीवर की बीमारियां भी थीं, जिसके चलते उनकी हालत बिगड़ गई।

श्री केदारनाथ धाम के लिए हैली सेवाएं शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर हुई अतिवृष्टि के चलते प्रभावित यात्रा एवं बाबा के दर्शन दोबारा शुरू कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर गुरुवार को मौसम साफ होने के बाद हैली सेवाओं से यात्रा एवं दर्शन शुरू हो गए हैं। वहीं धाम में हैली रेस्क्यू का इंतजार कर रहे 33 यात्रियों को भी एमआई 17 एवं अन्य हैली सेवाओं के माध्यम से दोपहर तक रेस्क्यू कर लिया गया है। सीईओ बीकेटीसी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में रेस्क्यू एवं राहत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। गुरुवार सुबह मौसम साफ होते ही वायु सेना के एमआई 17 व अन्य हैली सेवाओं के माध्यम से धाम में रह रहे श्रद्धालुओं को शेरसी एव चार धाम हेलीपैड पर उतारा गया। हैली सेवाओं से पर्याप्त राशन एवं अन्य अनिवार्य सामग्री भी पहुंच गई है। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देशन पर हैली सेवाओं से बाबा केदार के दर्शनों के लिए भी लोगों ने पहुंचना शुरू कर दिया है।

विनेश फोगाट ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

बोलीं-कुश्ती जीत गई और मैं हार गई... माफ करना

नई दिल्ली ,पेरिस ओलंपिक में भारत को विनेश फोगाट के डिसक्वालीफाई होने के बाद एक बड़ा झटका लगा था और अब उसके अगले ही दिन विनेश फोगाट ने संन्यास का ऐलान कर दिया, जिससे हर कोई स्तब्ध है। पहली बार महिला कुश्ती के फाइनल में पहुंची विनेश फोगाट से भारत को गोल्ड मेडल की आस थी। लेकिन फाइनल मैच के दिन उनको ओवरवेट होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस फैसले ने ना सिर्फ विनेश से मेडल छीना बल्कि विरोधियों को धूल चटाने वाली विनेश की हिम्मत भी तोड़ दी। 2001 से कुश्ती लड़ रही विनेश ने आखिरकार 2024 में खेल को अलविदा कह दिया। विनेश ने गुरुवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर सुबह–सुबह एक पोस्ट में यह घोषणा की। विनेश ने एक्स पर पोस्ट किया, कुश्ती जीत गई, मैं हार गई, माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके, ज़्यादा ताकत अब नहीं रही। अलविदा कुश्ती 2001–2024। आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी, माफी। विनेश ने मंगलवार को ओलंपिक के फाइनल में पहुंच कर इतिहास रच दिया था। टोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उनकी वापसी की कहानी दिल टूटने के साथ समाप्त हुई। पेरिस ओलंपिक के फाइनल मैच से पहले उनका वजन अधिक पाया गया और उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश का वजन 50 किलोग्राम की सीमा से 100 ग्राम अधिक पाया गया और इस तरह उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया और यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के अनुसार उन्हें अंतिम स्थान दिया गया। विनेश फोगाट ने फाइनल में पहुंचकर अपना कम से कम सिल्वर पक्का कर लिया था ।

फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत घुसने की कोशिश में बांग्लादेशी

कोलकाता , बांग्लादेश में संकट के बादल अभी छंटे नहीं हैं। अभी तक कई जगह हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। इसके चलते कुछ बांग्लादेशी लोग अब बिना या फर्जी दस्तावेजों के भारत आने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी के अनुसार, ऐसा ही एक मामला पश्चिम बंगाल में देखने को मिला है। संकट के बीच सीमा शुल्क विभाग और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में भारत–बांग्लादेश सीमा के जरिए फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके अवैध आव्रजन के प्रयासों की संभावनाओं के बारे में सतर्क किया गया है। विभाग को पहले से ही कुछ बांग्लादेशी निवासियों के नाम उपलब्ध कराए गए हैं जो इस तरह के अवैध आव्रजन के प्रयास कर सकते हैं, जिनकी एक सूची राज्य में विभिन्न सीमा चौकियों पर तैनात बीएसएफ बटालियनों के साथ भी साझा की गई है।सूत्रों ने कहा कि अलर्ट तब जारी किया गया था जब एक बांग्लादेशी दंपति को उनके बच्चे के साथ मंगलवार शाम को अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया था और दोनों के पास फर्जी आधार और पैन कार्ड थे।

राज्य की दो नदियों को चिन्हित कर उनके पुनर्जीवीकरण की दिशा में कार्य करें : धामी

● वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में छोटी-छोटी तलैया बनाई जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जलागम प्रबन्ध निदेशालय इन्द्रानगर में जलागम विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रारंभिक चरण में राज्य की दो नदियों को चिन्हित कर उनके पुनर्जीवीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं। इसमें एक नदी गढ़वाल मण्डल से और एक नदी कुंमाऊ मण्डल से चुनी जाय। वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में छोटी-छोटी तलैया बनाई जाए, इसमें जन सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ही लोगों की आजीविका को बढ़ाने की दिशा में जलागम विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण में इसका भी आंकलन किया जाए कि इससे जल स्त्रोतों पर कोई प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है, योजनाओं के निर्माण से प्रभावित होने वाले जल स्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में भी कार्य किये जाएं। जलागम द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत वाइब्रेंट विलेज को भी प्राथमिकता में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बाह्य सहायतित परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। केन्द्र सरकार से सहायतित योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश वाली योजनाओं में और तेजी लाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जलागम विकास परियोजनाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन के लिए सतत जल संसाधन प्रबन्धन, सतत भूमि एवं पारिस्थितिकी प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण और जैव विविधता संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर प्रभावी कदम उठाये जाएं। पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि योग्य बंजर भूमि में औद्यानिकी एवं कृषि-वानिकी गतिविधियों द्वारा कृषकों की आय में वृद्धि करने के लिए कार्य किये जाएं। जलागम की योजनाओं में महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जलागम विभाग द्वारा उत्तराखण्ड में चयनित सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में पर्वतीय कृषि को लाभदायतक तथा ग्रीन हाऊस गैस न्यूनीकरण के लिए विश्व बैक द्वारा पोषित 'उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना' को स्वीकृति मिली है। 1148 करोड़ की धनराशि की यह योजना 2024 से 2030 तक संचालित होगी। बैठक में बताया गया कि राज्य के तीन जनपदों पौड़ी, अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–जलागम विकास घटक 2.0 के तहत कार्य हो रहे हैं। बैठक में जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव श्रीमती नमामि बंसल, परियोजना निदेशक जलागम श्रीमती नीना ग्रेवाल एवं जलागम विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बांग्लादेश में भारतीय दूतावास का बड़ा फैसला

अगले आदेश तक बंद हुआ एंबेसी का वीजा सेंटर

नई दिल्ली ,। पड़ोसी देश में अशांति के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोडक़र जाना पड़ा, जिसके बाद बांग्लादेश में सभी भारतीय वीज़ा आवेदन केंद्र अगले नोटिस तक बंद रहेंगे। भारतीय वीज़ा के लिए आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर अब एक संदेश है, अस्थिर स्थिति के कारण सभी आईवीएसी अगले नोटिस तक बंद रहेंगे। अगली आवेदन तिथि एसएमएस के जरिए सूचित की जाएगी और अनुरोध है कि पासपोर्ट अगले वर्किंग डे पर प्राप्त करें। बता दें कि यह जानकारी नई दिल्ली द्वारा बांग्लादेश में अस्थिर स्थिति के बीच अपने उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास से नॉन–एसेंशियल कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालने जाने के एक दिन बाद आई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारतीय राजनयिक देश में ही हैं और मिशन पर काम कर रहे हैं।बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारत का उच्चायोग है तथा चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में वाणिज्य दूतावास हैं। पड़ोसी देश की स्थिति के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि लगभग 19 हजार भारतीय बांग्लादेश में हैं, जिनमें से 9 हजार छात्र हैं। इनमें से कई छात्र विरोध के बीच भारत वापस आ गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार वहां रह रहे भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजऱ रख रही है।

हिमाचल के ऊना–पीर निगाह मार्ग पर पलटी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली, 25 से अधिक घायल

ऊना ,हिमाचल प्रदेश के ऊना–पीर निगाह मार्ग पर गुरुवार को एक सडक़ हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई। हादसे में 25 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए।

ये हादसा ऊना के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीर निगाह के पास हुआ। पंजाब के मानसा जिले के रहने वाले श्रद्धालु दर्शन के लिए पीर निगाह गए थे। सभी श्रद्धालु ट्रैक्टर–ट्रॉली में सवार होकर लौट रहे थे। तभी वह बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के समय ट्रैक्टर–ट्रॉली पर 25 से अधिक श्रद्धालु सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई और उन्हें ट्रॉली में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी। तहसीलदार शिखा राणा ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि फील्ड कानूनगो से हादसे की सूचना मिली थी। पता चला कि सभी श्रद्धालु मानसा के रहने वाले हैं।

शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने कहा

मेरी मां ने प्रदर्शनकारियों पर गोली नहीं चलाने का दिया था आदेश

ढाका , बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों को दिए जा रहे 30 फीसद आरक्षण के मुद्दे पर हिंसक भीड़ की तोडफ़ोड़, आगजनी के बाद फैली हिंसा से घबराई बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गईं। इस बातचीत में वाजेद ने पश्चिमी देशों में सक्रिय बांग्लादेश के विरोधी समूहों पर हिंसा भडक़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कुछ पश्चिमी समूह विरोध को भडक़ाते रहे, प्रदर्शनकारी पीएम आवास पर मार्च कर रहे थे और मेरी मां देश नहीं छोडऩा चाहती थी। मैंने उनसे बात की और उन्हें देश छोडऩे के लिए आश्वस्त किया। अगर वह ऐसा नहीं करतीं तो प्रदर्शनकारी उन्हें मार डालते। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया कि बांग्लादेश में फैली हिंसा के बावजूद उनकी मां ने आदेश दिया था कि प्रदर्शनकारियों पर गोली नहीं चलाई जानी चाहिए।वह आगे कहते हैं, मेरी मां ने पुलिस और सेना को आदेश दिया था कि प्रदर्शनकारियों को नहीं मारना है। इसलिए जब प्रदर्शनकारियों ने पीएम आवास पर मार्च किया, तो सेना ने ढाका की सीमाओं पर बैरिकेड लगाए, सेना ने हवा में गोलीबारी की। उन्हें प्रदर्शनकारियों पर गोली न चलाने का निर्देश दिया गया था। बता दें, बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए देश की तमाम सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण के विरोध में एक जुलाई से प्रदर्शन की शुरुआत छात्रों ने की थी। पांच जून को ढाका हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को आरक्षण को फिर से लागू करने का आदेश दिया था।बांग्लादेश में 30 फीसदी नौकरियों में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों के अलावा पौत्र–पौत्रियों के लिए, प्रशासनिक जिलों के लोगों के लिए 10 फीसदी, महिलाओं के लिए 10 फीसदी, जातीय अल्पसंख्यक समूहों को 5 फीसदी और विकलांगों को 1 फीसदी आरक्षण नौकरियों में दिया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने दिए उत्तराखण्ड से 1500 युवाओं की विदेशों में प्लेसमेंट के लक्ष्य को दिसम्बर माह तक पूरा करने के निर्देश

देहरादून। उत्तराखण्ड से 1500 युवाओं की विदेशों में प्लेसमेंट के लक्ष्य को दिसम्बर माह तक अनिवार्यतः पूरा करने का निर्देश देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के छात्र–छात्राओं को सरकार के इस कार्यक्रम के बारे में जागरूक करते हुए कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित कोर्सेज में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

अभी तक सरकार के ओवरसीज प्लेसमेन्ट प्रोग्राम के तहत 23 छात्रों को केयर गिवर के रूप में जापान में प्लेसमेंट के लिए भेजा जा चुका है। इसके साथ ही 30 नर्सिंग स्टाफ का बैच 10 अगस्त तक जापान हेतु प्रशिक्षण की तैयारी शुरू करेगा। सीएस रतूड़ी ने युवाओं के प्रशिक्षण हेतु नए बैच शुरू करने के निर्देश दिए हैं ताकि 1500 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रक्रिआओं में तेजी आ सके।

ओवरसीज प्लेसमेन्ट प्रोग्राम हेतु कौशल विकास विभाग द्वारा नेविस, लर्नेट, जेनराइस, इन्वर्टिस चार एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया है। 1500 युवाओं को दिसम्बर तक विदेशों में प्लेसमेंट करवाने के लक्ष्य को समय से पूरा करने तथा राज्य के प्रतिभाशाली व योग्य युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त हो इसके लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ओपन ऐड्वाइज़्मन्ट जारी करने तथा सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थानों में एक दिन की वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अभी तक सूचीबद्ध एजेंसियों तथा एनएसडीसी (नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) द्वारा 56 छात्रों को प्रशिक्षण हेतु दाखिला दिया गया है।

राज्य के विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को अंग्रेजी भाषा की बाध्यता के कारण ओवरसीज प्लेसमेन्ट प्रोग्राम से वंचित न होना पड़े, इसके लिए सीएस राधा रतूड़ी ने आईटीआई में स्पोकन इंग्लिश के कोर्स संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिवालय में सेतु व कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सभी विभागों को कौशल विकास को फोकस में रखते हुए कार्य करने की नसीहत दी है।

शराब का कारोबार बंद होने पर शिकायतकर्ता परिवार पर हमला

हरिद्वार। अवैध शराब का कारोबार बंद होने से गुस्साई ननद–भाभी ने दबंगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के घर पर हमला बोल दिया। शिकायतकर्ता महिला और उसकी पुत्रियों को लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया गया। पीड़िता ने ननद–भाभी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना 21 जुलाई की बताई जा रही है। क्षेत्र के संजय नगर सफेद बिल्डिंग के निकट तरुण हिमालय शिक्षा निकेतन में रहने वाली विनिता कश्यप पत्नी विकास ने कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसी बिल्डिंग में प्रीति पत्नी स्वर्गीय नरेश और किरन पुत्री ओमप्रकाश भी रहती है। रिश्ते में दोनों ननद–भाभी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है।

श्रीनगर में पुलिस अधिकारी बनकर घूम रहे पंजाब के दो लोग गिरफ्तार

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों श्रीनगर में पुलिस अधिकारी बनकर घूम रहे थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।अधिकारियों ने गुरुवार को बताया, पंजाब के दो निवासियों को बुधवार को श्रीनगर शहर में पुलिस अधिकारी का भेष बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वे श्रीनगर के नेहरू पार्क इलाके में घूमते पाए गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और इस संबंध में मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

बता दें कि पिछले साल गुजरात के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जो खुद को पीएमओ का वरिष्ठ अधिकारी बताकर स्थानीय प्रशासन को धोखा दे रहा था। गुजरात का ठग किरण पटेल कश्मीर में लोगों को सरकारी नौकरी और व्यापारिक सौदे तथा यहां तक कि सिविल और पुलिस अधिकारियों को बेहतर पोस्टिंग का वादा कर ठगने में कामयाब रहा था। किरण पटेल ने जम्मू–कश्मीर और गुजरात के विभिन्न हिस्सों की अपनी यात्राओं के वीडियो और तस्वीरें भी पोस्ट की थीं। उसने अपने एक्स अकाउंट पर खुद को पीएचडी (कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी, वर्जीनिया) एमबीए (आईआईएम त्रिची), एम.टेक (कंप्यूटर साइंस), बी.ई. कंप्यूटर (एलडी इंजीनियरिंग), विचारक, रणनीतिकार, विश्लेषक, अभियान प्रबंधक' बताया था।

संपादकीय

अस्थिर कार्यकाल का अतीत

उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर अंदरखाने कुछ ना कुछ तो सुगबुगाहट हो ही रही है अन्यथा यूं ही प्रदेश के नेताओं का दिल्ली आना जाना रफ्तार नहीं पकड़ता। सवाल यह उठ रहे हैं कि एक दिल्ली दौड़ के मायने क्या हैं और आखिर देहरादून से दिल्ली तक ऐसा क्या पक रहा है कि हर नेता की दौड़ के बाद मुख्यमंत्री को भी दिल्ली दौड़ लगानी पड़ती है। यूं स्थाई कार्यकाल को लेकर उत्तराखंड का इतिहास कोई बहुत अच्छा नहीं है, खास तौर से मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल की बात करें तो केवल उत्तराखंड की पहली निर्वाचित सरकार में पंडित नारायण दत्त तिवारी ही एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री साबित हुए हैं जिन्होंने अपने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया अन्यथा भाजपा हो या कांग्रेस, किसी भी मुख्यमंत्री ने अपने 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं किया। विधानसभा चुनाव से पूर्व उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री को लेकर कई नाम सामने आए थे लेकिन केंद्रीय भाजपा ने पुष्कर सिंह धामी को विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद प्रदेश की कमान सौंप दी, हालांकि बाद में धामी उपचुनावों में शानदार जीत हासिल कर विधायक बने। इधर भाजपा दिल्ली दरबार में दस्तक का काम कुछ ज्यादा रफ्तार पकड़ने लगा है। धन सिंह रावत से लेकर त्रिवेंद्र सिंह रावत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास मुलाकात के लिए पहुंचे हैं जिसे भले ही राजनीतिक भाषा में शिष्टाचार मुलाकात का नाम दिया जा रहा है लेकिन सब कुछ इतना शांत नहीं है जैसा की जताने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री की कुर्सी की खींचतान को लेकर उत्तराखंड का अतीत सभी जानते हैं। 2017 के चुनाव में एक तरफा जीत हासिल करने के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया था लेकिन लगभग चार साल में उनकी कुर्सी चली गई और तीरथ 2021 में तीरथ सिंह रावत को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। इधर तीरथ की दाल भी ज्यादा नहीं गली और तकनीकी कारणों से उनकी भी उनकी भी कुर्सी चली गई और इस बार प्रदेश के युवा भाजपा नेता और विधायक पुष्कर सिंह धामी की किस्मत चमकी। प्रदेश की राजनीति में त्रिवेंद्र सिंह रावत अपने साथ हुए व्यवहार को लेकर असंतुष्ट नजर आ रहे थे। यही नहीं, राज्यसभा में त्रिवेंद्र को नहीं भेज गया,तो वही बाद में महेंद्र भट्ट को भी राज्यसभा भेज दिया गया। हालांकि 3 वर्ष बाद उनका राजनीतिक वनवास टूटा और डॉ रमेश पोखरियाल "निशंक" की उम्मीदवारी के स्थान पर त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार लोकसभा का टिकट दिया गया और वह चुनाव जीत गए, लेकिन मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की एक टीस कहीं ना कहीं अभी भी उनके मन में छिपी हुई थी, जिसे उन्होंने एक कुशल राजनीतिक की तरह कभी बाहर नहीं आने दिया। अब एक बार फिर उत्तराखंड की राजनीति में सुगबुगाहट नजर आने लगी है और इसका मुख्य कारण है प्रदेश के अति महत्वाकांक्षी नेताओं का दिल्ली दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना। प्रमुख नेताओं का पीएम मोदी समेत अन्य प्रमुख नेताओं से मिलने का सिलसिला जारी है। बद्रीनाथ एवं मंगलोर विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद भी प्रदेश के राजनीतिक समीकरण बदलते हुए नजर आए लेकिन लोकसभा चुनाव में पांचो सीटों पर शानदार जीत कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री धामी के लिए एक मजबूत कड़ी साबित हुई है तो वहीं आपदा प्रबंधन के साथ प्रभावित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री का सीधा जुड़ाव, नकल कानून, यूसीसी तथा अवैध भारतीयों में कारवाई को लेकर उनकी कुशल कार्यशैली का संदेश केंद्र तक पहुंचने में सफल रहा है। यदि उत्तराखंड का राजनीतिक इतिहास और स्थाई कार्यकाल से जुड़ा हुआ नहीं होता तो इन मुलाकातों को सामान्य माना जा सकता था लेकिन उत्तराखंड राज्य में राजनीति कब किस करवट बैठ जाए इसका आंकलन करना मुश्किल है। निश्चित तौर पर यह मुलाकातें जितनी सामान्य नजर आती है इनके पीछे उतना ही बड़ा और गहरा रहस्य छिपा हो सकता है जो वक्त आने पर ही सामने आएगा। फिलहाल आने वाले दिनों में अभी दिल्ली दरबार में और कितनी उपस्थितियां दर्ज होगी इस पर सब की नजर रहेगी।

टीबी—मुक्त भारत बनाने हेतु भारत की प्रतिबद्धता

डॉ. मनीषा वर्मा

सबसे बड़ी जानलेवा बीमारियों में से ए, क्षयरोग (टीबी) एक संक्रामक बीमारी है जो दुनिया के हर हिस्से में पाई जाती है। यह वैश्विक चिंता का एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। भारत इस बीमारी का सर्वाधिक भार वहन करने वाले देशों में से एक है। केंद्र और राज्य सरकारें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 के तहत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले ही 2025 तक इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आइए, हम इस रोग के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार करें और इस दिशा में भारत की पहल को समझें।

टीबी का वैश्विक—भार

टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रामक वायुजनित रोग है। डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि लगभग 1.8 बिलियन लोग, जो कि वैश्विक आबादी का लगभग 1/4 हिस्सा है, टीबी से संक्रमित हैं। हर साल लगभग 13 लाख बच्चे टीबी से बीमार पड़ते हैं। यह दुनिया भर में मौतों के लिए उत्तरदायी प्रमुख संक्रामक कारणों में से एक है। पिछले साल, टीबी को कोविड–19 के बाद दुनिया में किसी एक संक्रामक एजेंट से होने वाली मौतों के दूसरे प्रमुख कारण के रूप में दर्ज किया गया। यह एचआईवी/एड्स से लगभग दोगुनी मौतों का कारण रहा। 2022 में, 1.06 करोड़ लोग टीबी से संक्रमित हुए और 14 लाख लोगों की मौत हुई। टीबी के कारण प्रतिदिन 3500 मौतें होती हैं।

क्षयरोग विभिन्न सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य–संबंधी जोखिम कारकों द्वारा गहनता से प्रभावित होता है। ये कारक हैं – कुपोषण, मधुमेह, एचआईवी संक्रमण, मद्य–सेवन से होने वाले विकार और धूम्रपान। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 2020 में वैश्विक स्तर पर, टीबी के अनुमानित 19 लाख मामले कुपोषण के कारण, 7.4 लाख एचआईवी संक्रमण के कारण, 7.4 लाख मद्य–सेवन से उत्पन्न विकारों के कारण, 7.3 लाख धूम्रपान के कारण और 3.7 लाख मधुमेह के कारण थे। हालांकि, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इसमें भिन्नताएं हैं। उदाहरण के लिए, झुग्गी–झोपडिय़ों में रहने वाली शहरी आबादी में इसका विस्तार अधिक देखा गया है।

विश्व के, 87 प्रतिशत टीबी मामलों का भार उच्च संक्रमण वाले 30 देशों पर है। इनमें से, वैश्विक कुल बोझ का दो–तिहाई हिस्सा आठ देशों में पाया गया।

कुल वैश्विक मामलों में भारत की 27 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसके बाद इंडोनेशिया (10 प्रतिशत), चीन (7.1 प्रतिशत), फिलीपींस (7.0 प्रतिशत), पाकिस्तान (5.7 प्रतिशत), नाइजीरिया (4.5 प्रतिशत), बांग्लादेश (3.6 प्रतिशत) और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (3.0 प्रतिशत) का स्थान आता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत की प्रगति की सराहना

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2023 ने भारत को क्षयरोग–मुक्त देश बनाने की दिशा में इसकी उल्लेखनीय गतिविधियों और हस्तक्षेपों के लिए श्रेय दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 से (2022 तक) क्षयरोग की घटनाओं में 16 प्रतिशत और इसके कारण होने वाली मृत्यु दर में 18 प्रतिशत की कमी लाने में भारत की अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्रगति की सराहना की है।

भारत को अपनी तीव्र केस–डिटेक्शन रणनीतियों के लिए सराहना मिली है, जिनके कारण 2022 में अब तक के सबसे अधिक मामले अधिसूचित हुए ;और 24.22 लाख से अधिक टीबी मामलों की ये अधिसूचनाएं पूर्व–कोविड स्तरों को पार कर गईं। 2023 में 25.5 लाख टीबी मामलों की अधिसूचना के साथ एक रिकॉर्ड अधिसूचना दर्ज की गई। इनमें से 17.1 लाख टीबी मामले सार्वजनिक क्षेत्र में अधिसूचित किए गए, जबकि 8.4 लाख निजी क्षेत्र द्वारा अधिसूचित किए गए। कुल अधिसूचनाओं के 33 प्रतिशत पर, यह अब तक का उच्चतम योगदान था। विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से निजी क्षेत्र के साथ केंद्रित और लक्षित जुड़ाव के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र की अधिसूचना में पिछले नौ वर्षों में आठ गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, उपचार कवरेज अनुमानित टीबी मामलों के 80 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि है।

एक उत्साहजनक अवलोकन में, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट यह भी स्वीकार करती है कि भारत में गिरावट की गति वैश्विक टीबी घटनाओं में कमी की गति से लगभग दोगुनी है, जो कि 8.7 प्रतिशत है। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ ने टीबी मृत्यु दर में अधोमुखी संशोधन है (2021 में 4.94 लाख से 2022 में 3.31 लाख तक)। 34 प्रतिशत से अधिक की कमी नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) से एकत्र किए गए 2014–2019 के मृत्यु–कारण आंकड़ों पर आधारित है।

भारत को टीबी—मुक्त बनाने के लिए प्रमुख पहल

यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि यद्यपि क्षयरोग बहुत संक्रामक है, परन्तु यदि इसका यथासमय पता चल जाए और पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से रोकथाम–योग्य और उपचार–योग्य रोग है।

वैश्विक टीबी की घटनाओं के उच्चतम बोझ से दबी भारत सरकार ने टीबी की समस्या से मिशन मोड में निपटने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने टीबी महामारी को समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। टीबी एसडीजी लक्ष्य 3.3 का हिस्सा है, जिसमें कहा गया हैः एड्स, क्षयरोग, मलेरिया और उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों की महामारियों को समाप्त करना और हेपेटाइटिस, जल–जनित रोगों और अन्य संक्रामक रोगों से 2030 तक निपटना। परंतु, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में घोषणा की कि भारत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले यानी 2025 तक टीबी को देश से खत्म कर देगा। इसने नीति–निर्माताओं और टीबी–मुक्त भारत की दिशा में काम करने वाली एजेंसियों को केंद्रित ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। मार्च 2023 में वाराणसी में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप मीटिंग में, टीबी–मुक्त समाज सुनिश्चित करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, पीएम ने कहा कि भारत ने 2014 के बाद टीबी से निपटने के लिए जिस प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ खुद को समर्पित किया है, वह अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह टीबी के खिलाफ़ वैश्विक–युद्ध का नया मॉडल है। भारत के प्रयासों को वैश्विक प्रशंसा मिली है। स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की कार्यकारी निदेशक डॉ. लुसिका दितिउ ने टीबी से निपटने में भारत के प्रयासों एवं टीबी–मुक्त भारत पहल की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2025 तक टीबी को खत्म कर देगा और इससे वैश्विक टीबी के बोझ में भारी कमी आएगी। भारत को 2025 तक टीबी–मुक्त बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में दो साल से भी कम समय शेष है, इसलिए आगे बढने़ का दृष्टिकोण रोग की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना और टीबी के निदान एवं उपचार में सेवाओं के कवरेज को बढ़ाना है। यह देखना उत्साहजनक है कि सरकारों, सहायता एजेंसियों और समुदायों के निरंतर प्रयासों से भारत में टीबी के 'मिसिंग मामलों' की संख्या 2015 में 1 मिलियन से घटकर 2023 में 0.26 मिलियन रह गई है।

2025 तक टीबी से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) को लागू कर रहा हैः

1. टीबी रोगियों का शीघ्र निदान, गुणवत्तापूर्ण दवाओं और उपचार पद्धतियों के साथ शीघ्र उपचार।

2. निजी क्षेत्र में देखभाल चाहने वाले मरीजों से जुडऩा।

3. रोकथाम रणनीतियों में उच्च जोखिम/ संवेदनशील आबादी में संपर्क का पता लगाना शामिल है।

4. वायुजनित संक्रमण–नियंत्रण.

5. सामाजिक निर्धारकों को संबोधित करने के लिए बहु–क्षेत्रीय प्रतिक्रिया।

प्रधानमंत्री टीबी–मुक्त भारत अभियान

टीबी के खिलाफ़ लड़ाई को मिशन मोड में लाने के लिए, प्रधानमंत्री टीबी–मुक्त भारत अभियान सितंबर, 2022 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य 2025 तक टीबी के संबंध में एसडीजी लक्ष्य को पूरा करने के लिए गतिविधियों और हस्तक्षेपों को डिज़ाइन करना था। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता थी, जहां विभिन्न एजेंसियां, समुदाय और सरकारें एक साथ मिलकर काम कर रही हैं। इस पहल ने सभी पृष्ठभूमियों के लोगों को एक जन आंदोलन के रूप में एक साथ लाकर टीबी–उन्मूलन की दिशा में प्रगति को आगे बढ़ाया। इसे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का भी लाभ प्राप्त हुआ।

एक नई पहल, नि–क्षय मित्र की शुरुआत की गई, जहाँ समाज के विभिन्न क्षेत्रों के स्वयंसेवक टीबी रोगियों को उनके ठीक होने की यात्रा में मदद करने के लिए मित्र बनेंगे। नि–क्षय मित्र वे व्यक्ति, गैर–सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, धार्मिक– संगठन, निजी क्षेत्र, राजनीतिक दल और अन्य हो सकते हैं जो टीबी रोगियों को पोषण–सहायता, पोषण–संबंधी पूरक, अतिरिक्त जाँच और व्यावसायिक सहायता के रूप में कम से कम छह महीने या अधिकतम तीन साल तक की अवधि के लिए सहायता करने के लिए सहमति देते हैं। टीबी रोगियों को अक्सर समुदायों में कलंक का सामना करना पड़ता है। टीबी–उन्मूलन अभियान में समुदाय की भागीदारी का उद्देश्य रोग से संबंधित कलंक को समाप्त करना है। सामुदायिक भागीदारी से रोग के बारे में अधिक जागरूकता और इसे रोकने और इसे बेहतर तरीके से प्रबंधित करने के तरीकों का भी पता चलेगा। इस रोग और इसके लंबे समय तक चलने वाले उपचार के कारण कई लोगों की नौकरियाँ गईं और उन्हें आर्थिक कठिनाइयाँ हुईं। नि–क्षय मित्र टीबी रोगियों को व्यावसायिक सहायता प्रदान करने का भी संकल्प लेते हैं।

20 अप्रैल, 2024 तक 1.55 लाख से अधिक नि–क्षय मित्र पंजीकरण करवा चुके हैं। देश में उपचाराधीन 13.45 लाख टीबी रोगियों में से 8.66 लाख से अधिक ने सामुदायिक सहायता प्राप्त करने के लिए सहमति प्रदान की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी को आगे आकर रूप में नि–क्षय मित्र के रुप में अपना पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित करने और स्थानीय समुदायों और रोगियों का समर्थन करने के लिए एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है । प्रसिद्ध नि–क्षय मित्रों में 27 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के माननीय राज्यपाल/ उपराज्यपाल , केंद्रीय मंत्री, राज्यमंत्री, मुख्यमंत्री, कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए आगे आए हैं। कई विधायक और स्थानीय परिषद भी नि–क्षय मित्र बन गए हैं। कैबिनेट सचिवालय और केंद्रीय मंत्रालयों के कई अधिकारियों ने विभिन्न माध्यमों से टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए उन्हें गोद लिया है।

एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान

अन्य कई उपायों ने भारत में टीबी–विरोधी अभियान को मज़बूती से बढ़ावा दिया है। अध्ययनों (हो जे. एवं अन्य., 2016) से पता चला है कि 'पैसिव केस फाइंडिंग' (पीसीएफ) के माध्यम से टीबी के मामलों का पता लगाने का परिणाम हो सकता है कि टीबी रोगियों का पता लगने में कमी रह जाए। यह प्रवृत्ति कम और मध्यम आय वाले देशों में अधिक है, जहां टीबी–भार अधिक है। यह मुख्य रूप से स्वास्थ्य–सुविधाओं तक पहुँचने में भौगोलिक और/या सामाजिक–आर्थिक बाधाओं के कारण होता है, जिसके कारण अक्सर निदान में देरी होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा टीबी के मामलों का पता लगाने और समय पर उपचार के लिए टीबी–उन्मूलन रणनीति के एक भाग के रूप में उच्च जोखिम वाले जनसंख्या उपसमूहों की 'व्यवस्थित जाँच' की वकालत की गई है।भारत ने टीबी के 'मिसिंग पेशेंट्स' तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय क्षयरोग–उन्मूलन कार्यक्रम की रणनीतिक योजना के हिस्से के रूप में उच्च जोखिम वाले समूहों में राष्ट्रीय समुदाय–आधारित 'एक्टिव केस फाइंडिंग' अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत, इस संवेदनशील आबादी के बीच टीबी के मामलों की सक्रिय घर–घर जाकर जाँच की जाती है।इसमें एचआईवी से पीड़ित लोग, मधुमेह रोगी, कुपोषित; आवासीय संस्थान जैसे– जेल, शरणालय, वृद्धाश्रम, अनाथालय; आदिवासी क्षेत्र तथा हाशिए पर रहने वाली आबादी शामिल हैं। इस गतिविधि के परिणामस्वरूप, इसकी शुरुआत से अब तक लगभग 3 लाख अतिरिक्त टीबी मामलों का निदान हुआ है।

खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं

डॉ. रमेश ठाकुर

खादी का स्वर्णिम काल फिर से लौट रहा है। खादी की ब्रिकी दिनों दिन नये आयाम गढ़ रही है। घोर मॉर्डन युग और पहनावे के लिहाज से मन–मस्तिष्क पर हावी हो चुकी ब्रांडेड पश्चिमी सभ्यता के बीचोंबीच लोगों का खादी को अपनाना चमत्कार से कम नहीं है।लेकिन यह चमत्कार वास्तव में खादी ने किया है। अधिकृत रूप से पिछले सप्ताह खादी एंव ग्रामोद्योग बोर्ड ने बीते दस वषो के आंकड़े प्रस्तुत कर खादी की ब्रिकी के पूर्व के सभी रिकॉर्ड धवस्त हो जाना बताया है। खादी के विभिन्न उत्पादों की बिक्री में 400 फीसद का उछाल आया और इनके उत्पादन में 315 फीसद की बंपर बढ़ोतरी भी दर्ज हुई है। रिकॉर्ड स्तर पर 81 फीसद नये रोजगार सृजन भी हुए हैं। 2022–23 के वित्तीय वर्ष में 332.14 फीसद ब्रिकी, 267.52 फीसद प्रोडक्शन और 69.75 फीसद स्वरोजगार पैदा हुए हैं। रोजगार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पैदा हुए। वहां कताई, बुनाई के कारखानों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक भागीदार रहीं। आज खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत 9 उत्पादन केंद्र पूरे भारत में मौजूद हैं।

कहावत है कि 'ओल्ड इज गोल्ड'। खादी की अचानक बेतहाशा ब्रिकी ने इसे चरितार्थ कर दिया है। शायद ब्रांडेड कपड़ों और आधुनिक चकाचौंध से लोग अब उबने लगे हैं। तभी फिर से अपनी जमीन की ओर मुडऩे को तत्पर हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2003–2013 में खादी का कारोबार 26109.08 करोड़ रुपये था, जो 2014–2023 में छलांग लगा कर 95956.68 करोड़ तक जा पहुंचा। इनमें खादी के निर्मित कपड़े अन्य उत्पादनों से कहीं अधिक हैं। जनमानस का खादी की ओर मुडऩा निश्चित रूप से 'स्वदेशी अभियान' को पंख लगाने जैसा है। मौजूदा सरकार ने करीब एक दशक से स्वदेशी अभियान की अलख जगाए हुए है। खादी की भारी बिकवाली इस अभियान की सफलता पर मुहर लगाने जैसा है।खादी का कपड़ा खास है जो किसी धर्म–समुदाय से वास्ता नहीं रखता। सच्चे देशभक्त का अपना देशी कपड़ा है। चाहे अल्पसंख्यक हों, सिख हों, साधु–संत हों, या फिर मॉर्डन जमाने के शिक्षित युवा–युवती। सभी ने खादी को अपनाना आरंभ कर दिया है। खादी का आंदोलन, एक सामाजिक–सांस्कृतिक आख्यान, गांधी जी द्वारा मई, 1915 में सत्याग्रह आश्रम से शुरू किया गया था, जो गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम के नाम से लोकप्रिय है। गांधी युग में खादी के कपड़े लोगों के सिर चढक़र बोलते थे। धारणा पहले कुछ ऐसी थी कि सच्चा हिन्दुस्तानी मतलब खादी को अपनाने वाला।खादी के नये कीर्तिमान स्थापित करने का मतलब है, स्वदेशी अभियान और आत्मनिर्भरता की अपील का असर दिखाना। खादी पहनना ब्रांडेड कपड़ों के मुकाबले हमेशा से सुलभ और सरल माना गया है। इसका सस्ते से सस्ता और महंगे से महंगा कपड़ा हाथों से ही बुना जाता है क्योंकि खादी वस्त्र का निर्माण मशीनों से नहीं होता। ग्रामीण स्तर पर ज्यादा निर्माण होने से वहां लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

हिंसा को रोकने का आह्वान

यह थोड़ी हैरानी वाली बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन सप्ताह पहले हुई रूस यात्रा के बाद भारत ने यूक्रेन समेत गाजा और म्यांमार में जारी हिंसा को रोकने का आह्वान किया।टोक्यो में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने न्यायसंगत और संतुलित विश्व व्यवस्था बनाए रखने और सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने की अपील की।इस बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता का सम्मान करने के आह्वान का आशय यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से भी निकाला जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का अलगे महीने यूक्रेन की यात्रा पर ही जाने की चर्चा है जहां रूस–यूक्रेन संघर्ष पर विस्तार से वार्ता होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मोदी की यूक्रेन यात्रा की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नही हुई है। क्वाड की इस बैठक में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक यथास्थिति बदलने की इकतरफा कार्रवाई की भी निंदा की गई। हालांकि किसी का नाम नही लिया गया लेकिन स्पष्ट रूप से चीन की ओर इशारा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन के रिश्ते अच्छे नही चल रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ मई महीने में रूस के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई शिखर वार्ता विश्व की सबसे बड़ी घटना थी। यह शिखर वार्ता भावी विश्व व्यवस्था के निर्माण में नींव का पत्थर साबित हो सकती है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य को रूस और चीन के बीच 'असीमित साझेदारी' वाला दस्तावेज बताया गया। यूक्रेन युद्ध से ठीक पहले वर्ष 2022 में दोनों देशों ने असीमित समझदारी कायम करने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री मोदी की जुलाई में हुई रूस यात्रा के ठीक पहले पुतिन और जिंगपिंग की कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित सुरक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान वार्ता हुई थी।दोनों नेताओं के बीच यह एक वर्ष में दूसरी मुलाकात थी। कुछ विशेषज्ञों का विश्वास है कि रूस और चीन की मित्रता ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत और चीन के शत्रुतापूर्ण संबंधों पर भविष्य में रूस का रुख क्या होगा यह कहना मुश्किल है। क्या टोक्यो में आयोजित क्वाड की बैठक में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एकजुट होकर चीन के प्रति भारत का मुखर होना कुछ विशेष संकेत दे रहा है?

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर स्त्री 2 का रोमांटिक गाना तुम्हारे ही रहेंगे हम हुआ रिलीज

अमर कौशिक की निर्देशित आगामी हॉरर–कॉमेडी ड्रामा स्त्री 2 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं. फैंस श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं, मेकर्स फैंस और दर्शकों का उत्साह बनाए रखने के लिए स्त्री 2 का नया सॉन्ग तुम्हारे ही रहेंगे हम रिलीज किया है. यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है.श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर स्त्री 2 का नया रोमांटिक सॉन्ग की झलक शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, इंतजार हुआ है खत्म क्योंकि तुम्हारे थे, तुम्हारे हैं, तुम्हारे ही रहेंगे हम. तुम्हारे ही रहेंगे हम आउट. इस



स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2024 को लौटेगी स्त्री 2. गाने में स्त्री और विक्की के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री को बहुत ही खूबसूरती के साथ दिखाया गया है. गाने में स्त्री के पहले भाग की भी झलक देखने को मिला है.

इस गाने को वरुण जैन, शिल्पा राव और सचिन–जिगर ने गाए गए. इस ट्रैक में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव ने अपनी खूबसूरती से चार चांद लगा दिए हैं. सचिन–जिगर ने म्यूजिक दिया है, जबकि अमिताभ भट्टाचार्य ने दिल को छू लेने वाले बोल दिए हैं. इससे पहले मेकर्स ने दो गाने आई नहीं और आज की रात लॉन्च किए, जो ट्रेंडिंग में बने हुए हैं. गाने से पहले मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया. पोस्टर पर फैंस को याद दिलाते हुए लिखा है, स्त्री 2 के रिलीज होने में सिर्फ 10 दिन बाकी है. वहीं, पोस्ट के कैप्शन में डेविल इमोजी के साथ कैप्शन में लिखा है, आतंक से होगा सामना, सिर्फ 10 दिन बाद. कमर कस लो और तैयार हो जाओ. स्त्री 2, इस स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2024 को लौट रही है.

'लड़कों ने बदला माहौल, अपनी ताकत का इस्तेमाल किया'

नई दिल्ली। श्रीलंका ने आखिरी वनडे मैच में भारत को 110 रन से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। श्रीलंका की इस ऐतिहासिक जीत पर कप्तान चरिथा असलंका ने टीम की सराहना की। साथ ही नए कोच सनथ जयसूर्या की भी तारीफ की।

असलंका ने कहा कि लड़कों ने टीम का माहौल बदल दिया है। श्रीलंका ने भारत को 249 रन का लक्ष्य दिया था। भारत 26.1 ओवर में 138 रन बनाकर सिमट गई। भारत के मात्र चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकाड़ा पार सके। श्रीलंकाई स्पिनर्स ने घातक गेंदबाजी की। खासकर डुनिथ वेल्लालागे ने। वेल्लालागे ने 5.1 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

ये मजाक है', सीरीज हारने के बाद रोहित शर्मा ने दिखाया गुस्सा

नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने बुधवार को भारत को तीसरे वनडे में 110 रनों से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने ये सीरीज 2–0 से अपने नाम कर ली है। श्रीलंकाई टीम 27 साल बाद भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने में सफल रहा है। इस हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा निराश दिखे और उन्होंने अपनी टीम की गलतियों को कबूल किया। सीरीज का पहला मैच टाई रहा था। इसके बाद श्रीलंका ने आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। 1997 के बाद से पहली बार श्रीलंका ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीती है। यानी 27 साल बाद श्रीलंका ने भारत को वनडे सीरीज में पटका है।

इस सीरीज में भारतीय टीम के बल्लेबाज

स्पिन के सामने परेशान दिखे। मैच के बाद जब इसे लेकर रोहित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि ये चिंता की बात है, लेकिन ये ऐसी चीज है जिसे हमें गंभीरता से लेना होगा। हमारे निजी गेमप्लान, इसने निश्चित तौर पर हमें इस सीरीज में दबाव में रखा।"

मजाक नहीं है

रोहित से जब पूछा गया कि क्या टी20 वर्ल्ड कप–2024 की जीत के बाद टीम इंडिया थोड़ी लापरवाह हो गई? इस पर रोहित ने कहा, "नहीं, ये मजाक है। जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो लापरवाह होने का सवाल ही नहीं है। हमें वहां क्रेडिट देना होगा जहां बनता है। श्रीलंकाई टीम हमसे बेहतर खेली। हमने हालात देखे, हम तेजी को कम करना चाहते थे। कुल मिलाकर हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली है और इसलिए हम यहां खड़े हैं।" श्रीलंका ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 248 रन बनाए। भारतीय टीम 26.1 ओवरों में महज 138 रनों पर ही ढेर हो गई और मैच हार गई।

मिस्टर बच्चन की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा

थंगलान–डबल इस्मार्ट से होगी रवि तेजा की टक्कर

साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माताओं ने इस इंतजार पर विराम लगा दिया है और फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक एलान कर दिया है।

अजय देवगन की रेड का तेलुगु रूपांतरण मिस्टर बच्चन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी। निर्माताओं और रवि तेजा ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस पीपल मीडिया फैक्ट्री ने लिखा, वक्त पे पहुचनेका अपना पुराना आदत है। मिस्टर बच्चन की 15 अगस्त को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी।

14 अगस्त को सभी जगह विशेष प्रीमियर होगा। बड़े पर्दे पर जबरदस्त मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए।

यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।

यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक

एक नजर

धूमधाम से मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अमर शहीद स्मृति दिवस एवं नेत्रहीन संस्थान की ओर से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण भी किया जाएगा। साथ ही दिव्यांगों को देश के इतिहास व आजादी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

समय पर बिल भुगतान न होने पर प्रधानों में आक्रोश

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने ग्राम सभाओं में विकास कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को खंड विकास अधिकारी से वार्ता की। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने गांवों में विकास कार्य बाधित होने पर रोष व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि ग्राम सभाओं में पंचायतों के इस्टीमेट और बिल भुगतान समय पर न होने से सभी विकास कार्य रूके हुए हैं। कहा कि जीओटैग न होने के कारण पंचायतों के कार्यों को करने में बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रशासनिक व्यय भी समय से खर्च नहीं हो पा रहा है। कहा कि अब ग्राम प्रधानों के पास मात्र दो महीने का समय बचा हुआ है। उन्होंने विकास कार्यों को समय पर करवाएं जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान ऐराडी बीरबल सिंह, गोनी प्रधान धन सिंह रावत, सिरवाडी प्रधान मीनाक्षी पुण्डीर, हेमा देवी, आशा देवी, सरिता शाह, कविता देवी, प्रीति गोदियाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

मोहन रावत बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : मनरेगा कर्मचारी संगठन एकेश्वर की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मोहन सिंह रावत को अध्यक्ष, मोहन सिंह सचिव, रुपेश पटवाल कोषाध्यक्ष, चंद्रपाल सिंह संरक्षक चुने गए। बैठक में शिवशंकर सिंह गुसाईं, गजेंद्र सिंह, दिवाकर पंत, अमित पांथरी, चंद्रपाल सिंह, मोहन सिंह, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

इसी सीजन में बनाएं तीर्थ पुरोहितों के आवास : डीएम

चमोली : बदरीनाथ महायोजना के कामों का जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात के कारण जो कार्य प्रभावित हुए हैं, उनमें तेजी लाई जाए। तीर्थपुरोहितों के अधिकतर आवासीय भवनों का निर्माण कार्य इसी सीजन में पूरा करें। डीएम ने बदरीनाथ में मास्टर प्लान कार्यों का निरीक्षण करते हुए सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा और रिवर फ्रंट के बाकी निर्माण कार्यों में भी तेजी के निर्देश निर्माण ऐजेंसियों को दिए। (एजेंसी)

निर्माण कार्यों की कराएं एसआईटी जांच

चमोली : सिंचाई खंड थराली में स्थाई अधिशासी अभियंता की नियुक्ति, खंड में पिछले तीन सालों में किए गए कार्यों की एसआईटी जांच की मांग को लेकर राजकीय ठेकेदार संगठन का अनिश्चकालीन धरना-प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। वक्ताओं का कहना था कि मांग नहीं मानी जाती है तो आंदोलन में आम जनता को भी जोड़ा जाएगा। धरनास्थल पर लखन सिंह, गंगा सिंह, महावीर सिंह, किशोर, हरि कृष्णा पांडे, रणजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, केडी कुनियाल, बलवंत सिंह, महिपाल सिंह, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

बहुगुणानगर के लोगों ने उठाई विस्थापन की मांग

चमोली : भू-धंसाव प्रभावित बहुगुणानगर के लोगों ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धनसिंह रावत से कर्णप्रयाग में मुलाकात कर विस्थापन की मांग की है। पुष्कर रावत, मनवर रावत, सरला खंडूड़ी, हरिराम, हेरेंद्र बिष्ट, चेतन मनोड़ी, सुधीर नेगी, कमला रतूड़ी, राकेश रावत, गबर सिंह, दीपिका, संतोष, बिंद्रा देवी, सुनीता देवी आदि प्रभावितों ने कहा कि दो साल से बहुगुणानगर मोहल्ले में भू-धंसाव हो रहा है। कई बार भू-वैज्ञानिकों की टीम व आपदा प्रबंधन विभाग के अफसर प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। (एजेंसी)

39 केंद्रों पर संपन्न हुई छात्रवृत्ति परीक्षा

नई टिहरी : सरकारी स्कूलों के छात्रों के प्रोत्साहन संचालित मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति की परीक्षा जिलेभर के 39 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कक्षा 6 और कक्षा 9 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई है। जिसमें चयनित छात्र को सालभर में करीब 21 हजार 600 रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में डीबीटी की जाती है। मुख्य शिक्षाधिकारी एसपी सेमवाल ने बताया कि गुरुवार को एमएटी (मेंटल एप्टीट्यूड टेस्ट) और एसएटी (सब्जेक्ट एप्टीट्यूड टेस्ट) के दो प्रश्न पत्र परीक्षा कराई गई। जिसमें कक्षा 6 में 4398 परीक्षार्थी उपस्थित और 394 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्लास्टिक को फेंकने के बजाय आरआरआर बैंक में करें जमा

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निगम ने खोला आरआरआर केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आमजन को प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ ही शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम की ओर से री-साइकिल, रीयूज, रीड्यूस (आरआ-रआर) केंद्र खोला गया है। इसके माध्यम से लोग अपने दफ्तर, घर व अन्य संस्थानों के प्लास्टिक कूड़े को आरआ-रआर केंद्र में जमा करवा सकते हैं।

नगर निगम की ओर से मालवीय उद्यान पार्क में 1380 प्लास्टिक की बोतल, दस हजार से अधिक प्लास्टिक रेपर व 1035 किलो इनर्ट वेस्ट से आरआरआर केंद्र का निर्माण करवाया गया है। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने केंद्र का शुभारंभ करते हुए आमजन को इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। कहा कि शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के साथ ही आमजन को प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए केंद्र का निर्माण करवाया गया है। सभी स्कूल, बैंक, कार्यालयों व घरों के साथ ही अन्य संस्थानों से निकलने वाले प्लास्टिक कूड़े को आरआरआर बैंक में जमा किया जा सकता है।

जमा होने वाले कूड़े को पुनः रिसाइक्लिंग किया जाएगा। साथ ही इससे विभिन्न प्रकार की वस्तुएं भी बनाई जाएंगी। उन्होंने आमजन से शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में नगर निगम का सहयोग करने की भी अपील की।

कोटद्वार में आरआरआर बैंक का शुभारंभ करते नगर आयुक्त वैभव गुप्ता

नशामुक्त समाज निर्माण को एकजुटता का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : समाज को नशामुक्त बाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त के लिए एकजुट होने का संदेश भी दिया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय इंटर कालेज सुखरो, मोटाढांक व घमंडपुर में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को कलाकार हेमंत पांडे, अर्चना पूरन सिंह, गायक जुबिन नौटियाल द्वारा नशे के खिलाफ बनाए गए वीडियो मैसेज को दिखाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक मजिस्ट्रेट इशांक सिंह, वोलेंटियर राखी पाल व दीपक रावत ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की विद्या मेहता व अधिवक्ता अवनीश अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में बताया। कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे बचाव के लिए आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। कार्यशाला में मिलने वाली जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते सदस्य

छात्र नेताओं ने दी पूर्ण तालाबंदी की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में गुरुवार को भी छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की। चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो शुक्रवार से परिसर में पूर्ण रूप से तालेबंदी की जाएगी। आक्रोशित छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन पर कोरे आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने परिसर में एमकॉम कोर्स संचालित करवाने व सीयूईटी के रिजल्ट में हो रहे विलंब को देखते हुए प्रथम वर्ष के दाखिले मेरिट के आधार पर करवाने की मांग भी की।गुरुवार को प्रशासनिक भवन में तालेबंदी के दौरान छात्र नेताओं ने धरना देते हुए विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान व बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही है।

परिसर में 2015 से बीकॉम संचालित किया जा रहा है, लेकिन एमकॉम करने के लिए छात्रों को मुक्त विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो शुक्रवार से परिसर में पूर्ण रूप से तालेबंदी की जाएगी।

राजस्व उपनिरीक्षक की नियुक्ति नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रिखणीखाल के अंतर्गत द्वारी क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षक की नियुक्त नहीं होने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। समस्या के संबंध में क्षेत्र पंचायत सदस्य विनीता ध्यानी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा। कहा कि राजेंद्र सिंह चौहान विगत कई माह से क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे, जिनका कि अन्यत्र स्थानातंरण हो गया है। उनका कार्यभार गाडियूंपुल के राजस्व उपनिरीक्षक को सौंपा गया है। लेकिन, क्षेत्र के लोगों के लिए गाडियूंपुल काफी दूर पड़ता है। जिसके कारण ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिलाधिकारी से शीघ्र ही क्षेत्र में राजस्व उपनिरीक्षक की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

समय से सुरक्षा दीवार नहीं बनने पर जताया रोष

भाबर क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ के लोगों ने भेजा डीएम को पत्र

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार : टेंडर प्रक्रिया होने के बाद भी तेलीस्रोत नाले में सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं होने पर वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड़ के लोगों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि दीवार नहीं बनने से क्षेत्र में लगातार भू-कटाव हो रहा है। जिससे आसपास के परिवारों के भवनों को भी खतरा बना हुआ है।

भाबर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड़ के निवर्तमान पार्षद सुखपाल शाह ने वार्ड के लिए स्वीकृत कार्यों के टेंडर होने के बाद भी संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य न करने पर रोष व्यक्त करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में गुरुवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि लगभग 6 महीने पूर्व तेली स्रोत नाले से किसानों के खेतों, उच्चतम माध्यमिक विद्यालय के लिए चयनित भूमि व प्रेम नगर कॉलोनी निवासी 30 परिवारों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार बनाने हेतु सिंचाई विभाग ने टेंडर जारी किया था, टेंडर खुलने के बाद न तो ठेकेदार द्वारा समय पर सुरक्षा दीवार बनाई गई और न ही सिंचाई विभाग द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस कारण बरसात में किसानों के 5 से 10 मीटर तक उपजाऊ खेतों के साथ ही करोड़ों की लागत से निर्मित आरटीओ कार्यालय के ट्रेनिंग सेंटर का काफी हिस्सा भी नाले के तेज बहाव में बह गया। कहा कि यदि समय रहते सिंचाई विभाग द्वारा ठेकेदार से कार्य करवा दिया होता तो इतना नुकसान नहीं होता। ज्ञापन में उन्होंने जिलाधिकारी से नाले व विद्यालय के लिए चयनित भूमि में सुरक्षा दीवार बनाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत तेलीस्रोत गदेरे से हुए भूकटाव के संबंध में ज्ञापन देते निवर्तमान पार्षद

धरातल पर दिखे एनएसएस की गतिविधियां

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल मंडल माध्यमिक अपर शिक्षा निदेशक डा. एसबी जोशी ने शिक्षण संस्थानों को एनएसएस की गतिविधियों को लेकर गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि जितनी भी गतिविधियां हो रही हैं वह धरातल पर नजर आनी आवश्यक है। माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल की राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित करने वाली शिक्षण संस्थाओं की राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज श्रीनगर में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गढ़वाल मण्डल माध्यमिक अपर शिक्षा निदेशक डा. एसबी जोशी ने कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि मण्डल प्रकोष्ठ द्वारा जारी वार्षिक कार्य योजना के अनुसार एनएसएस की गतिविधियों को इस प्रकार क्रियान्वित करें कि वे धरातल पर दिखाई दें। कहा कि वार्षिक कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक माह कार्यक्रम योजना बद्ध तरीके से किये जाएं ताकि वे धरातल पर दिखाई दें। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन शीतकालीन अवकाश अवधि में ही होने चाहिए। जिससे विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। एनएसएस के गढ़वाल मण्डल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए स्वयं सेवी नामांकन बजट आवंटन व बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा के परीक्षाफल की जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता पंवार ने बताया कि रासेयो विद्यार्थियों को समाजसेवा और राष्ट्रसेवा का अवसर प्रदान करती है। बैठक में जनपद उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली और रुद्रप्रयाग जनपद के कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर उत्तरकाशी की जिला समन्वयक हंसी जोशी, रुद्रप्रयाग के डा. नंदकिशोर, चमोली के जगदीश लाल टम्टा, टिहरी के डा. पीसी पैन्यूली, डा. त्रिलोक चंद सोनी

आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

नजीबाबाद जंक्शन में दो मिनट रोके बंदे भारत ट्रेन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने लखनऊ-देहरादून के मध्य संचालित होने वाली बंदे भारत ट्रेन को दो मिनट के लिए नजीबाबाद जंक्शन में रुकवाने की व्यवस्था करने की मांग की है। कहा कि इससे गढ़वाल मंडल के यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी।

इस संबंध में अध्यक्ष रमेश कुमार टम्टा ने रेल मंत्री पियूष गोयल को ज्ञापन भेजा। बताया कि रेल मंत्रालय की ओर से हाल में ही लखनऊ से देहरादून के मध्य बंदे भारत रेल संचालित की गई है।

ट्रेन का ठहराव केवल बरेली, मुरादाबाद व हरिद्वार में ही है। कहा कि गढ़वाल क्षेत्र में अधिकांश सैनिक रहते हैं। ऐसे में गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को भी इस ट्रेन का लाभ मिल सकें इसके लिए नजीबाबाद जंक्शन में इसे दो मिनट रुकवाने की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

प्रदीप बड़ोला बने दुगड्डा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री रामलीला कमेटी दुगड्डा की ओर से पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया है। इस दौरान प्रदीप बड़ोला को अध्यक्ष व योगेंद्र बिष्ट को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। निर्णय लिया गया कि 30 सितंबर से 13 अक्टूबर तक दुगड्डा में रामलीला का मंचन प्रारंभ किया जाएगा।

ऐतिहासक दुगड्डा नगरी में 30 सितंबर से होने वाली रामलीला के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप बडोला को अध्यक्ष व योगेंद्र बिष्ट को सचिव बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में बृजमोहन सिंह व विनायक नेगी को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। पुष्कर भारद्वाज व अनूप गुप्ता को सहसचिव बनाया गया। राहुल जैन को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। अमन गुसांई, विपिन गुसांई, सुनील कुमार, आरिफ, नैतिक को मंत्री बनाया गया। शिवचंद्र, वीरेंद्र शाह, नरेंद्र शहनाई, संदीप नेगी को कमेटी का संरक्षक बनाया गया है। संजीव कोटनाला को निर्देशक व आशीष राजपूत व तरूण जोशी को सह निर्देशक चुना गया। संदीप रावत, पुष्कर रावत, दीपक को संगीत निर्देशक की जिम्मेदारी दी गई है। अमन जैन, पुष्कर, करन, दीपक, मनोज भट्ट व्यवस्थापक की भूमिका निभाएगें।

पीएचसी धुमाकोट में बनेगा डिलीवरी प्वाइंट : सीएमओ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी ने नैनीडांडा क्षेत्र के अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएमओ ने पीएचसी धुमाकोट के प्रभारी चिकित्साधिकारी को डिलीवरी प्वाइंट बनाने को कहा। मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी डा. प्रवीण कुमार ने गुरुवार को नैनीडांडा क्षेत्र के अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने नैनीडांडा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के तहत पीएचसी धुमाकोट का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को डिलीवरी प्वाइंट बनाने व दो माह के अंदर डिलीवरी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने नैनीडांडा ब्लाक के पीएचसी दिगोलीखाल, गौलीखाल, अदालीखाल के साथ ही आयुष्मान आरोग्य केंद्र किनगोड़ीखाल, शंकरपुर, डुंगरी आदि का निरीक्षण कर चिकित्सालयों व आरोग्य केंद्रों में प्रदत्त सुविधाओं की समीक्षा की।

छात्रों को नए कानूनों की जानकारी दी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कालेज श्रीनगर में गुरुवार को महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 तीन नए संशोधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गयी।

धीरेंद्र चौहान की स्मृति में किया पौधा रोपण

धीरेंद्र चौहान की पुण्यतिथि पर पौधा रोपण करते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पूर्व सैनिक, अर्धसैनिक एवं सामाजिक विकास संस्था की ओर से स्व. धीरेंद्र सिंह चौहान की पुण्यतिथि पर पौधा रोपण किया गया। इस दौरान सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

संस्था की ओर से ध्रुवपुर क्षेत्र में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इससे पूर्व सदस्यों ने संस्था के संस्थापक स्व. धीरेंद्र सिंह चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कहा कि समाज हितों के लिए दिए गए धीरेंद्र चौहान के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सदस्यों ने धीरेंद्र चौहान के आवास परिसर में आम, अमरूद, लीची, नीम सहित विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया। संस्था के सदस्यों ने रोपे गए पौधों की देखभाल कर पर्यावरण के सरंक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर सुदीप बौंठियाल, दिवाकर लखेड़ा, मनोहर बिष्ट, देवेंद्र घिल्डियाल, बलवीर सिंह नेगी, दशरथ सिंह रावत, प्रदीप बलूनी, प्रमोद रावत, नरेंद्र सिंह, सुरेशानंद नौगांई, मेहरबान सिंह रावत मौजूद रहे।

ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य : मुकेश चतुर्वेदी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सिद्धपीठ एकेश्वर महादेव मंदिर में एकेश्वर मंदिर कल्याण समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य मुकेश चतुर्वेदी ने श्रोताओं को बताया कि भक्ति की राह कठिन होती है, लेकिन जब भक्ति में रम जाओं तो कोई भी मानव उस रंग से छूट नहीं पाता है। कथा श्रवण करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरूवार को कथा में आचार्य मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। श्री चतुर्वेदी ने श्रोताओं को प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुनाई। इस मौके पर मुख्य यजमान हरिओम शाह, गीता देवी, कमल सिंह रावत, अंजू देवी, संजय, रूपा देवी, पंडित राकेश हिंदवान, कृष्ण कांत, नरेश पसबोला, अंकित बहुखण्डी, हिमांशु बहुखण्डी, सौरभ सिलमाना, मंदिर समित के अध्यक्ष कुलदीप जोशी, प्रकाश चन्द्र जदली, तेजपाल सिंह पंवार, सुनील रावत, अशोक पुण्डीर, हरीश बडोला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कथा वाचक आचार्य मुकेश चतुर्वेदी एकेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए।

असामाजिक तत्वों ने चोरी को दिया अंजाम

श्रीनगर गढ़वाल : देवस्थली पीजी कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च के निर्माणाधीन स्थाई परिसर ग्राम बेलकंडी में लोहे का सामान चोरी कर लिया गया।

कॉलेज के प्रबंधक निदेशक शक्ति थपलियाल ने श्रीनगर कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीती 26 जुलाई को कॉलेज के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले लोहे के पाइपों को चोरी कर लिया गया।

इसके बाद 28 जुलाई की रात एक व्यक्ति दुपहिया वाहन में सामान ले जाते हुए परिसर में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	110-DRM-MB-24-25 08.08.2024
कार्य का नाम	TRR(P)=26.357 Tkm and Associated track works under Sr.DEN-III/MB.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	03.09.2024, 16:00 बजे
अनुमानित लागत (रु.)	1,35,45,270.00
धरोहर राशि (रु.)	2,17,700
बिडिंग स्टार्ट तिथि	20.08.2024
आफर की वैधता	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	8 माह

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 08.08.2024 2461/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबादः द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेंडर संख्या	102-DRM-MB-24-25 Date 07.08.2024	106-DRM-MB-24-25 Date 07.08.2024
कार्य का नाम	Alamnagar - Rosa (DN)-TRR(P) - 24.30 Tkm in the section of ADEN/I/ HRI, TRR(S)=1.407 Km in BLM-RAC and TFR= (16.976 TKM in BLMSPC section and 46 TKM in ON-BLM) in the section of ADEN/II/HRI	Rebuilding of Bridge no. 40(1x0.914m),92(1x1.829m),112(1x2.439m) in the section of ADEN/II/HRI and 816DN(1x1.52m), 845DN (1X1.52m) in the section of ADEN/I/HRI.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	02.09.2024 16:00	02.09.2024 16:00
अनुमानित लागत	1,84,75,613.02	3,19,41,386.85
धरोहर राशि	2,42,400.00	3,09,700.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	19.08.2024	19.08.2024
आफर की वैधता	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह	09 माह

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 07.08.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2448/24

एक नजर

शिक्षकों की नियुक्त करने की मांग

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नारायणबगड़ में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर अभिभावकों ने उपशिक्षा अधिकारी नारायणबगड़ को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि शीघ्र अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हुई है तो वह आंदोलन को विवश होंगे। अभिवावकों ने उक्त प्राथमिक विद्यालय से शिक्षकों के स्थानांतरण पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में 6 की बजाय महज दो शिक्षक रह गए हैं, जिस कारण पठन-पाठन व्यवस्था चरमरा गई है। (एजेंसी)

बद्रीनाथ में फंसे साधुओं को सुरक्षित निकाला

चमोली : रास्ता भटकर ऋषि गंगा नदी के दूसरे छोर नारायण पर्वत स्थित चरण पादुका में बुधवार रात्रि फंसे साधुओं को चमोली पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने किया रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया। बद्रीनाथ के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में बताया कि बुधवार रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि बद्रीनाथ मंदिर के पास चरण पादुका में 4 साधु फंस गये हैं। सूचना मिलने पर पुलिस बल व एसडीआरएफ. की टीम आपदा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। लगातार बारिश के कारण ऋषि गंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था। लेकिन पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने सूझबूझ व धैर्य का परिचय देते हुए बुधवार रात्रि नदी के तेज बहाव को पार किया। (एजेंसी)

प्रमुख ने दी महाविद्यालय को प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें

नई टिहरी : ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी ने राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर को 338 प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भेंट कीं। डेढ़ से दो लाख रुपये अनुमानित लागत की यह पुस्तकें कम आय एवं निर्धन वर्ग के छात्रों के लिए काफी लाभप्रद साबित होंगी। महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुस्तकें विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी हैं। प्रतियोगी पुस्तकें वर्तमान शैक्षिक सत्र से ही छात्रों की मांग पर पढ़ने के लिए आवंटित की जाएंगी। पुस्तकालय प्रभारी ने पुस्तकों की महत्ता को देखते हुए कॉलेज के छात्रों को अधिक से अधिक पढ़ने के लिए पुस्तकालय में संपर्क करने की अपील की है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने प्रतियोगी पुस्तकें भेंट करने के लिए ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, क्षेत्र पंचायत एवं प्रशासन का आभार जताया। मौके पर डॉ. विक्रम सिंह बर्त्वाल, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सपना कश्यप, विशाल त्यागी. डॉ. सुशील कगड़्याल, डॉ. विजय प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

आपदा प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र व्यवस्थाएं बहाल करे सरकार

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग में पत्रकार वार्ता में गहरवार ने कहा कि साल 2013 की आपदा से भी सबक नहीं लिया गया। मौसम अलर्ट के बाद भी केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही कराई गई। हजारों यात्रियों को मार्ग में कई दिनों तक भटकना पड़ा। आपदा में ध्वस्त स्थानीय रोजगार को दोबारा स्थापित करने, व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई, आपदा प्रभावित क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं फिर से बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने सरकार से केदारनाथ मंदिर में सोना प्रकरण की जांच और केदारनाथ धाम से दिल्ली ले जाई गई शिला को जल्द वापस भिजवाने की मांग की है। इस दौरान शिव सिंह रावत भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

गाय चुगाने गए बुजुर्ग को भालू ने किया गंभीर घायल, रैफर

रुद्रप्रयाग : खड़पतिया क्षेत्र के कांडा गांव निवासी 71 वर्षीय गुमान सिंह अपनी दो गाय लेकर जंगल गए थे। गांव के करीब आधा किमी दूर जंगल में उन पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। करीब दस मिनट तक वे भालू से संघर्ष करते रहे।

किसी तरह वे जान बचाकर सड़क की ओर भाग गए। इसी बीच चिल्लाते हुए जंगल में अन्य लोगों को घटना की खबर लगी। घटनास्थल से पांच सौ मीटर नीचे एक स्कूल के शिक्षक भी मदद को मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीण उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार गंभीर घायल व्यक्ति के सिर पर गहरी चोटें हैं।

जबकि आंख, नाक, चेहरे पर भी चोटें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन गांवों में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं हो रही है। लेकिन वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। (एजेंसी)

डीएम ने रोका वानिकी विवि भरसार के रजिस्ट्रार का वेतन

डीएम ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर की बात, अधिकारियों को दिये निस्तारण के आदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सीएम हेल्पलाइन व जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आधा दर्जन से अधिक शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के रजिस्ट्रार द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं करने व लम्बे समय से लंबित चल रही 04 शिकायतों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित रजिस्ट्रार का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। गुरुवार को आयोजित सीएम हेल्पलाइन समीक्षा बैठक में 36 दिन से अधिक लंबित शिकायतों में मुख्यतः शिक्षा विभाग से सेवानिवृत शिक्षक विजय सिंह नेगी की पेंशन रिवाइज प्रकरण पर मुख्य कोषाधिकारी व मुख्य शिक्षाधिकारी को वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। वन प्रभाग लैंसडौन के अन्तर्गत ओम प्रकाश पुत्र स्व. गोविंद राम की पत्नी को सर्पदंश के उपरान्त मृत्यु होने पर राजकीय सहायता में देरी सम्बंधी शिकायत पर प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन वन प्रभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कोटद्वार निवासी देवांश सचदेवा की बेस अस्पताल कोटद्वार में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर की गयी शिकायत पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता से फोन कॉल द्वारा बात कर वस्तु स्थिति का जायजा लेकर एसडीएम कोटद्वार व मुख्य चिकित्साधिकारी को जांच करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। तहसील कोटद्वार क्षेत्रांतर्गत कोरोना काल में सुरेन्द्र सिंह के पुत्र की मृत्यु के उपरान्त राजकीय योजना की सहायता मुहैया नहीं किये जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसडीएम कोटद्वार को प्रकरण की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पटल प्रभारी द्वारा बताया गया कि एल-1 स्तर पर 399 व एल-2 स्तर पर 82 शिकायतें दर्ज है। जबकि जन समर्पण पोर्टल पर कुल 105 शिकायतें लंबित है। जिसमें से राजस्व विभाग की 56 शिकायतें एवं अन्य विभागों की 49 शिकायतें लंबित है। बैठक में डीएफओ सिविल एवं सोयम शिशुपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता मोहमद मिशम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, सीटीओ गिरीश चंद, अधि.अभि. जल संस्थान एसके राय, अधि. अभि. पेयजल बीरेंद्र भट्ट सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने गोपेश्वर में क्रिटिकल केयर ब्लाक का किया शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : उत्तराखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बृहस्पतिवार को जनपद चमोली भ्रमण के दौरान जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक का शिलान्यास कर बडी सौगात दी। जिला अस्पताल में 2072.21 लाख की लागत से बनने वाले 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक से मरीजों को गंभीर बीमारी के इलाज में सहूलियत मिलेगी। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार जल्द ही क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा भी लोगों को आसानी से मिल सकेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने विधिवत भूमि पूजन करके क्रिटिकल केयर ब्लाक का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा जल्द ही एमआरआई की सुविधा भी अस्पताल को मुहैया की जाएगी। अस्पताल में वाहन पार्किंग की समस्या को देखते हुए यहां पर भवन के निचले तल में 50 वाहनों की पार्किंग भी बनाई जा रही है। जिससे अस्पताल के स्टाफ एवं तीमारदारों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकेश पांडेय, एसीएमओ डॉ. एमएस खाती एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

छात्रों को नशे से दूर रहने की दी नसीहत

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : नवोदय विद्यालय खैरासैंण में गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने छात्रों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। कहा कि छात्रों को अपनी इस अवस्था में सजग रहने की जरूरत है। वह अपने भविष्य को संवारने पर ज्यादा ध्यान दे, ताकि आगे चलकर अच्छे पदों पर विराजमान होकर देश की सेवा करें। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी व नशा ना करने की अपील की। एसओ दीपक तिवाड़ी ने विद्याथियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही नशा मुक्ति ट्रोल फ्री नंबर 112 की जानकारी दी। पीएलबी अधिवक्ता ने न्याय बोर्ड, चाइल्ड लाइन व टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। इस मौके पर जिला विधिक के अधिवक्ता विनोद कुमार, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, प्राचार्य वाईपी सिंह, संजय सिंह, संदीप सजवाल आदि शामिल रहे।

सभी लोग धरा को शुद्ध और हरा-भरा बनाये रखने में योगदान दें : बहुगुणा

कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने अगरोडा, नौगांवखाल, पोखड़ा में रोपे विभिन्न प्रजाति के पौधे

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रदेश के पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जनपद पौड़ी में अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विकासखंड कल्जीखाल के अगरोड़ा, एकेश्वर नौगांवखाल व पोखड़ा स्मृति वन में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करें।

गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हमारी सांसे और पीने वाला जल सभी कुछ पेड़ों पर निर्भर है, इसलिए हमको पौधारोपण में बढ़चढकर प्रतिभाग करते हुए इस धरा को शुद्ध और हरा–भरा बनाये रखने में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि पृथ्वी पर धीरे-धीरे जंगल कम होते जा रहे हैं और जंगलों का कटान बहुत तेजी से होता जा रहा है। कहा कि भविष्य को देखते हुए भावी पीढ़ियों को ऑक्सीजन, पानी एवं अन्य किसी प्रकार की दिक्कते न हो, यह सोचकर आज वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना अति आवश्यक है। कहा कि बहुत जरूरी है कि प्रकृति में एक संतुलन बना रहे और इसके लिए जंगल को हरा-भरा करना, जंगलों को आग से बचना है। कहा कि जिन पौधों का रोपण किया जा रहा है उनकी देखभाल भी करें। इस दौरान मंत्री ने अगरोड़ा में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिससे वह अपने घर में रहकर स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत बना सकेंगे। इस अवसर पर विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, कल्जीखाल बीना राणा, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र बिष्ट, तहसीलदार पौड़ी दिवान सिंह राणा, ग्राम प्रधान पाली जयबीर सिंह रावत सहित अन्य उपस्थित थे।

मौन पालकों ने सीखें ब्रांडिंग पैकेजिंग के गुर

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) एवं जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे छः दिवसीय मौन पालन प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में मौन पालकों को शहद उत्पादन के अलावा अन्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी। साथ ही मौन पालकों को उत्पादों की ब्रांडिंग पैकेजिंग के बारे में बताया। प्रशिक्षक नवदीप सिंह राणा शोधार्थी ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग, हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल द्वारा प्रथम सत्र में मौन पालन में शहद के अलावा अन्य उत्पादों के विषय में बताया। कहा कि मधुमक्खी पालन से मधु के साथ-साथ मोम, पराग, प्रोपोलिस, रॉयल जेली, विष, रानी मधुमक्खियों एवं उनके लार्वा को भी बाजार में बेच कसते है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के साथ पुष्प उत्पादन भी किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दुदुन मेहता ने किया।

रात के समय विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीण

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की हिंदाव पट्टी के गांवों में लगातार बारिश होने के साथ ही गुलदार मौजूदगी से लोग काफी दहशत में है। बीते दिनों एक नौ वर्षीय बालिका को घर के आंगन से दिन दहाड़े गुलदार उठाकर ले गया। लेकिन वन विभाग अभी तक गुलदार को नहीं पकड़ पाया है। जिस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में अभी भी दहशत बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमदत्त अंथवाल और विक्रम घनाता का कहना है कि ऊर्जा निगम रातभर बिजली कटौती कर रहा है। जिस कारण हिंदाव और ग्यारह गांव पट्टी के अंतवाल गांव, कठूड,भोना, पगरियाना, लैणी, अखोड़ी, बजियाल गांव, ढुंग, करखेड़ी, हुलानाखाल, चांजी, डखवान गांव, सरूणा, आली सहित 30 से अधिक गांव अंधेरे में डूबे रहने को मजबूर हैं। कहा कि, लोग रात भर आपदा व गुलदार के भय से सो नहीं पा रहे है। (एजेंसी)

पूर्व सैनिक समस्याओं को लेकर बैठक का इंतजार न करें

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को जिला सभागार में जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक ली। जिसमें पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों की समस्याओं एवं उनके निराकरण को लेकर समीक्षा की गयी और उनके सुझाव लिए गए।

डीएम ने पूर्व सैनिकों को अपनी समस्याओं के लिए बैठकों का इंतजार न करने को कहा। कहा कि अगर तहसील स्तर की समस्या है तो तहसील स्तर पर और अगर मुख्यालय में आएं तो उनसे से सम्पर्क कर सकते है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों से अनुरोध किया वे समस्याओं को तत्परता से निपटाएं। बैठक में पूर्व सैनिकों ने विभिन्न स्थानों पर सीएसडी कैंटीन विश्राम गृह बनाने व डिस्पेंसरी खोलने, कैंटीन में ग्रॉसरी के सामान की अनउपलब्धता को लेकर सुझाव दिए। पूर्व सैनिक ने नन्दा नगर में सीएसडी कैंटीन खोलने को सुझाव दिया। इस पर सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रपाल में एक कैंटीन संचालित है जो कि नन्दानगर से मात्र 30 किमी. पर स्थित है। वहीं उन्होंने नन्दानगर के काण्डई पुल के समीप शहीद सैनिक अनुसूया प्रसाद महावीर चक्र के स्मृति में शहीद द्वार के निर्माण को लेकर जानकारी मांगी। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम चमोली को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। गोपेश्वर में सैनिक विश्राम गृह की मांग को लेकर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि चमोली में विश्राम गृह संचालित हो रहा है। गैरसैंण में ईसीएचएस डिस्पेंसरी खोलने को लेकर सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की संख्या के हिसाब से गैरसैंण में डिस्पेंसरी नहीं खोली जा सकती है।

पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने की तैयारी

देहरादून। राज्य सरकार अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ नगर पालिका का उच्चीकृत कर नगर निगम बनाने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही डोईवाला नगर पालिका को तृतीय श्रेणी से उच्चीकृत कर प्रथम श्रेणी में लाने पर विचार चल रहा है। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को गुरुवार को यह जानकारी दी। कहा कि नगर पालिकाओं के नगर निगम में उच्चीकृत होने से संबंधित क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा और लोगों की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार समय–समय पर नगर निकायों का उच्चीकरण करती रही है, इसी क्रम में अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ नगर पालिका को उच्चीकृत कर नगर निगम बनाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम बनाने के लिए अल्मोड़ा में सीमा विस्तार नहीं किया जाएगा। कुछ लोग सीमा विस्तार की भ्रांतिया फैला रहे हैं, जो कि गलत है। कहा कि डोईवाला नगर पालिका अभी तृतीय श्रेणी में है। प्रथम श्रेणी में शामिल होने के बाद संबंधित क्षेत्र के विकास के लिए ज्यादा बजट मिल सकेगा। विदित है कि राज्य में अभी आठ नगर निगम हैं। इनमें देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रूड़की, कोटद्वार, हल्द्वानी, रुद्रपुर व काशीपुर शामिल है, जबकि श्रीनगर का मसला अभी विवादों में चल रहा है।

अतिथि शिक्षक आज सीएम आवास घेराव करेंगे

देहरादून। एलटी और प्रवक्ता कैडर के रिक्त पदों को आरक्षित करने और मानदेय में बढोत्तरी के लिए आंदोलित अतिथि शिक्षक शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे।

बेमियादी आंदोलन के सातवें दिन गुरूवार को भी अतिथि शिक्षक ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में धरने पर डटे रहे। बीते रोज अतिथि शिक्षकों ने सचिवालय कूच किया था। माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने कहा कि इस बार अतिथि शिक्षकों ने आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है। बीते रोज सचिवालय घिराव के बाद अब कल मुख्यमंत्री आवास कूच करने का निर्णय किया गया है।

जिला योजना की बैठक में 7428.00 लाख की धनराशि का हुआ अनुमोदन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा जिला योजना वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के कुल परिव्यय 7428.00 लाख का विभागवार परिव्यय निर्धारण और कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा रखे गए सुझाव पर परिचर्चा भी की गई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन प्रतिनिधियों के सुझाव एवं जन हित को ध्यान में रखते हुए अति आवश्यक योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला योजना में समावेश किया जाए। उन्होंने जन प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों से कहा कि जिले को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य किए जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला योजना में इस बार 10 प्रतिशत बजट भी बढ़ाया है। जनपद में जिला योजना में विभागों की पुरानी देनदारी सबसे कम होने पर उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी। कहा कि इससे अधिक से अधिक नई योजनाओं को जिला योजना में शामिल करने का अवसर मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बद्रीनाथ धाम में 50 बेड का अस्पताल भवन बनकर तैयार हो गया है। जोशीमठ में उप जिला चिकित्सालय बनाने के लिए भूमि चिन्हित करने का काम चल रहा है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जनपद को 486 बेसिक शिक्षक दिए जाएंगे। प्रमुख विषयों में 103 सहायक अध्यापक दिए जा रहे है। अभी 1500 एलटी टीचर की नियुक्ति के लिए परीक्षा हो रही है। इसके अलावा 600 प्रधानाचार्य की नियुक्ति भी की जा रही है। जिससे विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद भरे जाएंगे।

शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने को जागरूकता पर जोर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना के अंतर्गत छूटे हुए लाभार्थियों का शत प्रतिशत कार्ड बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्व पंजीकरण के माध्यम से अधिकाधिक कार्ड बनवाने, आधार में लिंक मोबाइल नंबर को अपडेट करने के बारे में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि स्वास्थ्य अहम विषय है, जिसको देखते हुए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अटल आयुष्मान उत्तराखंड जैसी महत्वपूर्ण योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने योजना के पात्र सभी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, बाल विकास व अन्य विभागों से समन्वित प्रयास करने की अपील की। अपर निदेशक राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण अतुल जोशी ने बताया कि जनपद रुद्रप्रयाग में 1.98 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 68 फीसदी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होंने अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना के लाभ, योजना के अंतर्गत अनुबंधित चिकित्सालय व योजना के तहत आच्छादित पैकेज के बारे में पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएचसी के अलावा चिकित्सा चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मित्रों के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसमें स्व पंजीकरण के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कार्ड बनाने के साथ-साथ स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग को लेकर जागरूक होने पर जोर दिया। वरिष्ठ प्रबंधक पंकज नेगी ने लक्ष्य के सापेक्ष अब तक बने स्वास्थ्य कार्ड के अंतर को कम करने के लिए पूर्ति विभाग से राशन दुकानदार डीलर के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड बनवाने, शिक्षा विभाग से प्रार्थना सभा में बच्चों को आयुष्मान कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी देने व बतौर लाभार्थी मोबाइल एप के माध्यम से स्व पंजीकरण कर कार्ड बनवाने के लिए जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, एआरओ पूर्ति आरएस गुसाईं, शिक्षा विभाग से एमडीएम प्रभारी वीएस कठैत, जिला चिकित्सालय के डॉ. मनीष, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, डीसी आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, आरकेएसके काउंसलर विपिन सेमवाल, डीपीसी एनटीईपी मुकेश बगवाड़ी, डीसी आयुष्मान भारत सुखदेव, बीएफए आयुष्मान भारत दीपक नेगी आदि मौजूद रहे।

पूर्व सीएम व सांसद त्रिवेंद्र ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र रावत ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने मोदी से उत्तराखंड की संस्कृति व सरोकारों पर चर्चा की। त्रिवेंद्र ने दोपहर को प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की है। कहा कि प्रधानमंत्री से मिलने का सुअवसर प्राप्त हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री को अपनी बिटिया कृति की मुहिम हिमालय थ्रेड्स द्वारा डिजाइन किए श्री बदरी केदार थीम पर बना मफलर व चीड़ के पिरूल से बनी सामग्री भेंट की। त्रिवेंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिरूल का ऐसा सुंदर इस्तेमाल देखकर बहुत प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि इस दौरान इकोफ्रेंडली और दोबारा इस्तेमाल हो सकने योग्य कारतूस के विषय में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com